Newspaper : Denik Jagran
Edition: Delhi | Date: 11th September, 2019 | Pg. : 19

विद्यार्थियों ने सीखा सफाई और जल संरक्षण का महत्व

जासं, नई दिल्ली: महात्मा गांधी की 150वीं जयंती को लेकर करोलबाग स्थित राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा सप्ताह का आयोजन हुआ, जिसमें स्कूल के शिक्षकों और 700 विद्यार्थियों ने स्वच्छता की शपथ ली व स्कूल परिसर की सफाई में बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने रंग बिरंगे प्लेकार्ड पर लिखे सुंदर संदेशों से जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को हाथ धुलाकर कीटाणुओं की सफाई के बारे में जानकारी व वृक्षारोपण कर पेड़ों को बचाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में आए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को जल शक्ति अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, जिसमें उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य हंसराज मोदी ने सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण को लेकर आसपास के लोगो को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। सामुदायिक भागीदारी के लिए शिक्षक ललित कुमार झा की अगुआई में सभी ने आसपास के इलाकों में लोगों को जल संरक्षण को लेकर जागरूक किया और सफाई के महत्व बताए। कार्यक्रम का समापन 11 सितंबर को होना है, जिसमें विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

सिविल लाइंस स्थित राजकीय प्रतिभा विद्यालय में भी महात्मा गांधी के आदर्शों और मूल्यों पर आधारित कार्यक्रम हुए, जहां विद्यार्थियों को गांधी जी के बचपन की कहानी सुनाई गई और बाद में कहानी से मिली सीख को लेकर सवाल पूछे गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या उर्वशी गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों के जीवन में बापू के विचारों का बीज बोना चाहिए। इससे उनमें देशप्रेम के साथ ही गांधी जी के जीवन के किस्सों के बारे में भी जानकारी होगी।